प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिजिए ।

(1) मालवजी शिवाजी का वध करने के लिए तैयार हो गया ?

- मालकनी के पिता शिवाजी की सेनासिवानी। निदेशकी के लिए अपने प्राण दे दिए े । उनको मो दो वरहो ते और उसकी माँ ने किसी तरह अपना गुजारा किया। परंतु पिकलेजोलमहीनी पेट-भर अन्न मिलना मुश्किल हो गया था मालवी अपनी इसी बुरी श के बारे में सोच रहा था। उसी समय एक सैनिक ने आकर मालवजी से कहा कि यदि जय शिवाजी का वध कर दो तो मैं तुम्हें धन दूंगा। उसी धन के लालन में मालकी शिवाजी का वध करने के लिए तैयार हो गया।

(2) अपनी हत्या के बारे में शिवाजी ने कौन-कौन-सी शंकाएं व्यक्त की?

- शिवाजी जानना चाहते थे कि मालवजी उनका वध क्यों करना चाहता का क्या वह उन्हें मारकर मराठा साम्राज्य का मालिक बनना चाहता था? क्या उन्होंने से कभी हानि पहुंचाने की कोशिश की थी? क्या उन्होंने कभी राष्ट्र की प्रतिष्ठा पर धब्या लगाया था? इस प्रकार अपनी हत्या के बारे में शिवाजी ने भिन्न भिन्न शकाएँ व्यक्त की।

(3) तुम इस एकांकी को और कौन-सा शीर्षक देना चाहोगे?

- मैं इस एकांकी को 'शिवाजी की क्षमाशीलता' शीर्षक देना चाहुँगा।

(4) शिवाजी बालक को सेना में क्यों भर्ती करना चाहते थे ?

- वालक अपनी चाल-ढाल और बातों से वीर-पुत्र और सत्यवादी लगता था। वह बहुत निडर था। उसमें वीरता फूट-फूटकर भरी थी। वह अपनी माता का सक्त था। शिवाजी को विश्वास हो गया कि मातृभूमि की सेवा में यह बालक कोई सर नहीं रखेगा। बालक के ऐसे ही गुणों से प्रभावित होकर शिवाजी उसे अपनी ना में भर्ती करना चाहते थे

(5) बालक अपनी मां का पालन- पोषण करने की जिम्मेदारी शिवाजी को क्यों सौपता है?

- शिवाजी में दिखावटी क्रोध कर बालक को जेलखाने में बंद करने का आदेश दिया था। उन्होंने अगले दिन उसे मृत्युदंड देने की बात की थी। बालक यही समझता था कि उसके अपराध के लिए शिवाजी उसे मृत्युदेव अवश्य देगे। उसकी मृत्यु के बाद उसकी माँ अकेलो और बेसहारा हो जाएगी इसलिए वह अपनी मां का पालन पोषण करने की जिम्मेदारी शिवाजी को सौंपता है।

प्रश्न 2. अंदाज अपना-अपना : देश की रक्षा के लिए लड़नेवाला सैनिक युद्ध में आहत हुआ है, वह अंतिम सांसे ले रहा है-वह क्या सोचता होगा ? बताइए।

- देश की रक्षा के लिए युद्ध में घायल होकर अंतिम सांसे लेता हुआ सैनिक अपने आपको धन्य मानता होगा कि उसका जीवन देश के लिए काम आया। साथ ही उसे अपने परिवार का भी ख्याल आया होगा यह सोचता होगा कि उसके शहीद हो जाने के बाद पता नहीं उसके बूढ़े माता-पिता, पत्नी और बच्चों की क्या दशा होगो। सरकार उनकी मदद करेगी या नहीं।

प्रश्न 3. नीचे दिए गए शब्द इकाई के जिन-जिन वाक्यों में प्रयोग हुआ हो, उन वाक्यों को पढ़िए :

( 1 ) दृष्टि (2) सत्यवादी ( 3) प्रतिष्ठा ( 4 ) न्योछावर ( 5 ) दर्शन(6) झूठ (7) विश्वास ( 8) मुग्ध ( 9 ) चिंता (10) हटूंगा

(1) **दृष्टि** : शिवाजी प्रेमभरी दृष्टि से तानाजी की ओर देखते हैं।

(2) **सत्यवादी** : तुम वीर-पुत्र हो, सत्यवादी हो।

(3) **प्रतिष्ठा** : क्या मैंने कभी राष्ट्र की प्रतिष्ठा पर धब्बा लगाया है?

(4) **न्योछावर** : उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दए।

(5) **दर्शन** : मरने से पहले मैं अपनी पूजनीय माता के एक बार दर्शन करना हता हूँ।

(6) **झूठ** : झूठ बोलकर मृत्यु से बचना नहीं चाहता।

(7) **विश्वास** : मेरा विश्वास है कि मातृभूमि की सेवा में यह बालक कोई नहीं रखेगा ।

(8) **मुग्ध** : मैं तो इसकी वीरता और साहस पर मुग्ध हूं।

(9) **चिता** : रात-दिन में इसी चिंता में रहता हैं कि किस पकार भारतमाता दुख दूर करू।

(10) **हटूंगा**: मैं कभी मातृभूमि की सेवा से पीछे न हट्टगा।

प्रश्न 4. इस एकांकी का नाट्यीकरण कीजिए।

- छात्रों में से चुने हुए छात्रों को विविध पात्र बनाया जाए। संभव हो जो उचित वेशभूषा पहनाई जाए और इस एकांकी को नाटक के रूप में पेश किया जाए।

# स्वाध्याय

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) मालवजी शिवाजी का वध करने के कौन-से दो कारण बताता है?

- मालवजी शिवाजी का वध करने का पहला कारण यह बताता है कि में उसके पिता के मरने के बाद उन्होंने उसके परिवार के भरण-पोषण की नहीं की। दूसरा कारण यह था कि धन के अभाव में वह और उसकी माँ भूखे मर रहे थे। उसी समय एक सैनिक ने उसे शिवाजी की हत्या करने पर धन देने का लालच दिया।

(2) कष्ट होने पर भी मालवजी शिवाजी के पास क्यों नहीं गए?

- मालवजी के पिता शिवाजी की सेना में सिपाही थे युद्ध में लड़ते हुए उनकी मृत्यु हो गई थी। मालवजी मानते थे कि जिस वीर सैनिक ने देश की रक्षा 1. के लिए अपने प्राण दिए, उसके परिवार की चिंता करना शिवाजी का कर्तव्य था। यही सोचकर कष्ट होने पर भी मालवजी शिवाजी के पास नहीं गए।

(3) मृत्युदंड के पहले बालक ने कौन-सी भीख मांगी?

- मृत्युदंड के पहले बालक ने अपनी पूजनीय माता के दर्शन करने की शिवाजी से भीख मांगी।

(4) शिवाजी बालक की परीक्षा लेने के बाद क्या करना चाहते थे ?

- शिवाजी बालक की परीक्षा लेने के बाद उसे मृत्युदंड से मुक्त कर नपनी सेना में भर्ती करना चाहते थे।

प्रश्न 2. निम्नलिखित उक्ति कौन किसे कहता है - लिखिए :

(1)"जब तुम्हें इतना कष्ट था, तब तुम मेरे पास क्यों नहीं आए?"

- शिवाजी मालवजी से कहते हैं।

(2) मरने पहले में पनी पूजनीय का एकर

- मालव शिवाजी से बहता है।

(3)"मैं तो इसकी वीरता और साहस पर मुग्ध है।"

- तानाजी शिवाजी से कहते हैं।

(4)"तुम्हारे ही जैसे मेनानायकों पर भारतमाता गर्व करती है।"

- शिवाजी तानाजी से कहते हैं।

(5) "महाराज, एक बालक आपसे मिलना चाहता है।"

- दरबान शिवाजी से कहता है।

(6) "मैं तुमसे यही आशा करता है।"

- शिवाजी मालवजी से कहते हैं।

(7)"महाराज, यह शरीर आपका है।

- मालवजी शिवाजी से कहता है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :

- पुत्र, जिस प्रकार तुम अपनी माता के दुःख से दुःखी होकर व्याकुल हो रहे हो, उसी प्रकार में भी दुःखी है। रात-दिन में इसी चिंता में रहता हूं कि किस प्रकार भारतमाता का दुःख दूर क।
- महाराज, यह शरीर आपका है। मैं प्रतिज्ञा करता है कि जब तक इस शरीर में जान है, मैं कभी मातृभूमि की सेवा से पीछे न हट्रगा।

**उत्तर** पुत्र जे रीते तुं तारी माता ना दुख थी दुखी थई ने व्याकुळ थई राहतो छे, तेवी रीते हुं पण दुःखी छुं, रातदिवसे हुं ए ज चिंतामां २पहुं छुं के केवी रीते ભारतमातानां दुःख दूर करुं ?

મહારાજ, આ શરીર તમારું છે. હું પ્રતિજ્ઞા કરું છું. કે જ્યાં સુધી આ શરીરમાં iાણ છે, હું કદી માતૃભૂમિની સેવામાં પાછો પડીશ નહિ,

प्रश्न 4. उदाहरण के आधारित नीचे दिए गए शब्दों को उचित क्रम में खकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:

**उदाहरण** : छोड़कर, पीसने, अपना, बापू, लगे, काम, आटा। वाक्य : बापू अपना काम छोड़कर आटा पीसने लगे ।

**उत्तर** : **वाक्य**:

(1) शिवानी उसकी ओर प्रेमटि मे देखो से।

(2) जो बात सत्य है, उसे अवस्या देगा।

(3) फिर तुम्हारे मन में क्या बात थी?

(4) उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छांटकर उनके भेद लिखिए

(I) परिश्रमी छात्र कभी असफल नहीं होते।

(2) अब्दुल बीस किलो आटा लाया।

(3) राम ने पांच मोटर कपड़ा खरीदा।

(4) पचीस छात्रों ने सही उत्तर दिए।

(5) दीपावली पर हमने बहुत मिठाई खरीदो।

(6) रेशमा के पास तीन किताबें हैं।

(7) कुछ लड़के बगीचे में खेल रहे हैं।

(8) मां ने चाय में थोड़ा दूध डाला।

(9) वे लड़के शोर मचा रहे हैं।

(10) आप किस आदमी की बात कर रहे हैं ?

**उत्तर** :

(1) **परिश्रमी** - गुणवाचक विशेषण

(2) **बीस किलो** - परिमाणवाचक विशेषण

(3) **पाँच मीटर** - परिमाणवाचक विशेषण

(4) **पचीस**- संख्यावाचक विशेषण

**सही** - गुणवाचक विशेषण

(5) **बहुत** - परिमाणवाचक विशेषण

(6) **तीन** - संख्यावाचक विशेषण

(7) **कुछ**- अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(8) **थोड़ा** - परिमाणवाचक विशेषण

(9) **वे** - सार्वनामिक विशेषण विशेषण
(10) **किस** - सार्वनामिक